खण्ड - 5 संख्या - 8

# बिहार विधान–सभा वाद–वृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

## भाग –2

## (कार्यवाही प्रश्नोत्तर रहित)

सोमवार, तिथि 01 सितम्बर, 1986 ई०

### (ड.) सिंचाई एवं राहत की माँग :

**सतीश चन्द्र झा** : अध्यक्ष महोदय, सहरसा प्रखण्ड भयंकर सुखाड़ की चपेट में है लेकिन सरकार द्वारा सिंचाई और राहत की व्यवस्था नहीं की गई है । इस स्थिति में कोशी नहर में पानी देने, पम्पिंग सेट से सिंचाई, विशेष विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था तथा मजदूरों के राहत हेतु कठिन श्रम योजना चालू करना अत्यन्त आवश्यक है।

अत: सरकार से अनुरोध है कि उपर्युक्त व्यवस्था शीघ्र करें ।

### (च) ओभर ब्रीज निर्माण की माँग :

**श्री मुहम्मद मुश्ताक** : अध्यक्ष महोदय, पूर्णिया जिलान्तर्गत किशनगंज नगर के खगडा के निकट राष्ट्रीय उच्च पथ 31 के रेलवे क्रासिंग गुमटी नम्बर 3 पर दिनांक 27 अगस्त 86 को 18 डाउन डीलक्स एक्सप्रेस तथा बंगाल परिवहन की बस सं०डब्लू०जी०टी० 2179 के बीच भयंकर टक्कर हो जाने से सात यात्रियों की मृत्यु हो गई। इससे पूर्व भी उक्त गुमटी पर कई बार इसी प्रकार की दुर्घटनाएँ घट चुकी हैं । उक्त क्रासिंग पर ओवर ब्रीज बनाने का प्रस्ताव, बिहार सरकार द्वारा 50 प्रतिशत अंशदान भारत सरकार को नहीं देने के कारण लम्बित है ।

अत: भारत के अन्य भाग को उत्तर-पूर्व भारत से जोड़ने वाली उक्त महत्वपूर्ण सड़क के रेलवे क्रासिंग पर ओभर ब्रीज बनाने की दिशा में शीघ्र कार्रवाई की माँग करता हूँ ।